**महत्वपूर्ण / ई–मेल**

प्रेषक,

अपर शिक्षा निदेशक
माध्यमिक शिक्षा
गढ़वाल मण्डल पौडी

सेवा में,

1. निदेशक,
   अकादमिक शोध एवं प्रशिक्षण
   संस्थान देहरादून।
2. अपर निदेशक,
   एस.सी.ई.आर.टी., देहरादून।
3. अपर निदेशक,
   सीमेट, देहरादून।
4. प्राचार्य, डायट
   गढ़वाल मण्डल।

पत्रांक / सेवा.अराज. / 2168–75 / 3क(2) / वार्षिक स्था0 / 2025–26 दिनांक 14 मई 2025

विषयः– **स्थानान्तरण सत्र 2025–26 में गढ़वाल मण्डलान्तर्गत स0अ0एल0टी0 के पदों में कार्यरत शिक्षकों के वार्षिक स्थानान्तरण की पात्रता सूची में आपके संस्थान में कार्यरत स0अ0एल0टी0 का नाम अंकित न होने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या 282747 / XXX(2)/2025-E-20917 / कार्मिक एवं सतर्कता अनुभाग–2 देहरादून दिनांक 17 मार्च 2025 के क्रम में निदेशालय के पत्रांक / सेवा–2 / 3(क) / 2(1) / वा0स्थाना0 / 160051 / 2024–25 दिनांक 21 मार्च 2025 के द्वारा लोक सेवकों के लिए वार्षिक स्थानान्तरण अधिनियम 2017 के प्राविधानानुसार स्थानान्तरण सत्र 2025–26 में वार्षिक स्थानान्तरण किये जाने के निर्देश दिये गये है। जिसके क्रम में गढ़वाल मण्डलान्तर्गत स0अ0एल0टी0 के पदों में कार्यरत शिक्षकों की पात्रता सूची विभागीय वेबसाईट पर अपलोड की गयी है।

अतः विभागीय वेबसाईट पर अपलोड पात्रता सूची में यदि आपके संस्थान में कार्यरत किसी स0अ0एल0टी0 का नाम अंकित होने से छूट गया हो अथवा पात्रता सूची में आपके संस्थान में कार्यरत कूमायूं मण्डल संवर्ग के शिक्षक / शिक्षिकाओं का नाम अंकित हो तो इस सम्बन्ध में दिनांक 20.05.2025 तक अनिवार्यतः अपर शिक्षा निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, गढ़वाल मण्डल पौडी को अवगत कराने का कष्ट करें। साथ ही प्रतिनियुक्ति में कार्यरत स0अ0एल0टी0 की सूचना भी इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय
14/5/25
(कंचन देवराडी)
अपर शिक्षा निदेशक (मा.शि.)
गढ़वाल मण्डल पौडी

पृ0सं0 / सेवा0अराज0 / 2168 – 75 / 3क(2) / वा0स्था0 / 2025–26 दिनांक उक्तवत।

प्रतिलिपिः– निम्नांकित की सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. महानिदेशक, विद्यालयी शिक्षा, उत्तराखण्ड देहरादून।
2. निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, उत्तराखण्ड देहरादून।
3. निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा, उत्तराखण्ड देहरादून।
4. एम0आई0एस0 प्रभारी, महानिदेशक, विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड देहरादून।
5. कार्यालय प्रति।

14/5/25
(कंचन देवराडी)
अपर शिक्षा निदेशक (मा.शि.)
गढ़वाल मण्डल पौडी